VICTERS CLASS Xth HINDI, 24/08/21
Work sheet
आई एम कलाम के बहाने

1, आई एम कलाम के बहाने किस विधा की रचना है
उत्तर:फिल्मी लेख

2, आई एम कलाम के बहाने पाठ में लेखक ने किन-किन के जीवन की तुलना की है ?
उत्तर:आई एम कलाम के बहाने पाठ में लेखक ने अपने बचपन के दोस्त मोरपाल और आई एम कलाम फिल्म नायक छोटू या कलाम के जीवन की तुलना की है।

3, आई एम कलाम फिल्म देखते समय लेखक को किसकी याद आती है ?
उत्तर:आई एम कलाम फिल्म देखते समय लेखक को अपने बचपन के दोस्त मोरपाल की याद आती है।

4, अंग्रेजी के मास्टर का नाम क्या है ?
उत्तर:अंग्रेजी के मास्टर का नाम है तिवारी।

5, मिहिर और मोरपाल क्लास में पास पास बैठते थे क्यों ?
उत्तर:नाम का पहला अक्षर एक होने के कारण दोनों क्लास में पास - पास बैठते थे।

6, “बांछें खिल जाना ” मतलब क्या है ?
उत्तर:प्रसन्न होना।

7, छाछ मेरी कमज़ोरी है । किसकी ?
उत्तर:मिहिर की।

8, राजमा देखते ही बांछें खिल जाती थी । किसकी ?
उत्तर:मोरपाल की।

9, ‘हमारा सौदा था खेलघंटी में खाने की अदला-बदली का’ इस घटना की याद में मिहिर अपनी डायरी लिखता है । वह डायरी कल्पना करके लिखें ।

मिहिर की डायरी

तारीख

आज भी मुझे दोस्त मोरपाल की बहुत याद आई। हर रोज़ की तरह आज भी वह मेरे लिए छाछ का बड़ा डिब्बा लेकर आया था। उसे अच्छी तरह मालूम था कि छाछ मेरी कमज़ोरी है। वह तो केवल छाछ ही लाता था। दोपहर के भोजन के लिए हमें खेलघंटी में अदला-बदली की आदत सी पड़ गई थी। हर दिन की तरह आज भी मैंने अपने टिफिन के राजमा चावल उसको दिए और उसके घर से आया बड़ा सा छाछ का डिब्बा उसने मुझे दिया। मेरे टिफिन के राजमा खाने से पहले उसने कभी राजमा देखा भी नहीं था। हमारी दोस्ती की सबसे खुशी की घड़ी तो खेलघंटी का हमारा सौदा था। यह मैं कभी भूल नहीं सकता।